## एक नजर में



### 108 सुंदर कांड करवाने का संकल्प लिया

**उज्जैन।** उज्जैन में टीम 11 मित्र मंडल ने प्रदेश के मुख्यमंत्री की प्रेरणा से 108 सुंदर कांड करवाने का संकल्प लिया है जिसके तहत 5 वा भव्य सुंदर कांड पाठ जूनाखेड़ा हनुमान जी के प्रांगण किया गया। टिम 11 वीरेंद्र सिंह राजपूत मित्र मंडल क्षेत्र के विभिन्न हनुमान मंदिर पर जाकर धर्म जागृति अभियान और गौ सेवा के संकल्प को लेकर करवा रहे है। उज्जैन जिले की महिदपुर तहसील के जूना खेड़ा हनुमान मंदिर पर भव्य सुंदर कांड का पाठ किया गया। इसमें कई क्षेत्र से पांच हजार युवा और वरिष्ठजन शामिल हुए इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी शैलेशानंद गिरि महाराज, पंडित अखिलेश व्यास, नारायण प्रसाद ओझा के सानिध्य में कार्यक्रम सफल हुआ। यह आयोजन टीम 11 के वीरेंद्र सिंह राजपूत मित्र मंडल के द्वारा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री से प्रेरणा लेकर इस पाठ की शुरुआत की गई है। सनातन की जीत और नया युग आरंभ करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके माध्यम से हजारों लोग सनातन की जय जयकार कर रहे है। हिंदू जागृति और सनातन जागृति के लिए अब तक महिदपुर के पचास गांव में सुंदर कांड पाठ कर युवाओं को जोड़ा है। धर्म जागृति अभियान और गौ सेवा संकल्प के साथ वीरेंद्र सिंह राजपूत मित्र मंडली मित्र मंडल टीम 11 काम कर रही है जो महिदपुर क्षेत्र के कई गांव में जाकर हनुमान मंदिर पर यह भव्य सुंदरकांड का पाठ कर रही है। युवाओं को मोबाइल से दूर करने और संस्कृति से जोड़ने का प्रयास संस्था के द्वारा किया जा रहा है। संस्था के द्वारा सुंदरकांड करने के बाद 40 गांव में प्रति मंगलवार और शनिवार को सुंदरकांड का पाठ नियमित रूप से किया जा रहा है। वही 35 गांवों में सुंदर कांड के पाठ के बाद भगवा लगाए गए है।



### महाराष्ट्र समाज में गणपति बप्पा की स्थापना

**उज्जैन।** महाराष्ट्र समाज उज्जैन द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भव्य रूप से गणेशोत्सव का शुभारंभ किया गया। 27 अगस्त बुधवार को सुबह 10 बजे केलकर परिसर से समाज भवन तक श्री गणपति जी का एक भव्य चल समारोह बैंड बाजे के साथ धूम धाम से निकाला गया। गणपति बप्पा का स्वागत इंद्र देवता ने भी पानी बरसा कर किया, रिमझिम बारिश के बीच चल समारोह विभिन्न मार्गों से होता हुआ समाज भवन पहुंचा जहां विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्री गणपति बप्पा की स्थापना हुई। सचिव संजय दिवटे के अनुसार पूजन-अर्चन का कार्य पंडित अनिरुद्ध पुराणिक के मार्गदर्शन में व समाज उपाध्यक्ष सदाशिव नायगांवकर, संध्या नायगांवकर द्वारा संपन्न कराया गया। इस दौरान पूरा परिसर गणपति बप्पा मोरया, मंगल मूर्ति मोरया के गगनभेदी जयघोष से गूंज उठा। वातावरण में भक्तिभाव, उत्साह और आनंद की अनूठी छटा देखने को मिली। चल समारोह व स्थापना अवसर पर समाज के अध्यक्ष पंकज चांदोरकर, सुशील मुले, जीतेंद्र आप्टे, रवींद्र मुले, प्रभाकर पाध्ये, अशोक गुलजकर, आनंद केसकर, अतुल करंदीकर, अमित सुपेकर, तुषार मुजुमदार, विश्वास कराडकर, मिलिंद जोगलेकर, कीर्ति गुमास्ते सहित महिलाएं, युवक-युवतियां व बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने आरती कर बप्पा से मंगलकामनाएं की। स्थापना उपरांत महाप्रसाद का वितरण किया गया। समाज भवन में गणेशोत्सव के अंतर्गत प्रतिदिन प्रातः व सायं आरती के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। बालक-बालिकाओं के लिए प्रतियोगिताएं, भजन, कीर्तन, तथा विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां उत्सव की शोभा बढ़ाएंगी। संजय दिवटे के अनुसार श्री गणेशोत्सव में 28 अगस्त गुरुवार शाम 7.30 बजे तिलक स्मृति मंदिर में गायन स्वरानुभूति का आयोजन होगा। जिसमें धनश्री कुलकर्णी पुणे, वृहन्महाराष्ट्र मंडल नवीं दिल्ली द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। अध्यक्ष मनोज कालेकर सहित अन्य पदाधिकारियों ने समस्त नगरवासियों से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर गणपति बप्पा के दर्शन कर पुण्यलाभ प्राप्त करें एवं उत्सव की भव्यता में सहभागी बनें।



### निगम मुख्यालय में विराजे गौरी पुत्र श्री गणेश

**उज्जैन।** बुधवार को गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर नगर निगम मुख्यालय में प्रथम पूज्य भगवान गणपति जी की स्थापना धूमधाम से की गई। इस दौरान निगम अध्यक्ष कलावती यादव ने भगवान श्री गणेश का पूजन अर्चन करते हुए शहर विकास और सुख समृद्धि की कामना करते हुए नगर निगम परिवार को गणेश चतुर्थी पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान नगर निगम के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



### उज्जैन प्रेस क्लब पर विराजे गजानन गणेश

**उज्जैन।** विक्रम विश्व विद्यालय के कुलगुरु डॉ. अर्पण भारद्वाज, विक्रम विश्वविद्यालय कार्य परिषद सदस्य राजेश सिंह कुशवाहा के मुख्य आतिथ्य में प्रेस क्लब पर गणेश जी की स्थापना एवं पूजन आरती संपन्न हुई।



### शासकीय चिकित्सालय मावधनगर में गणेश बैठै

**उज्जैन।** शासकीय चिकित्सालय माधवनगर में विराजे माधवनगर के युवराज, इस दौरान चिकित्सालय का स्टाफ भी मौजूद रहा।

# रीगल टॉकीज के अतीत पर दिखाई अंतिम फिल्म, अब शुरू हुई विकास की कहानी

## 25 करोड़ से अधिक की लागत से होगा निर्माण, मिट्टी की गणेश प्रतिमा वितरण का सीएम ने किया शुभारंभ, दुर्गादास राठौड़ की समाधि पर भी होंगे निर्माण





**उज्जैन।** बुधवार को गणेश चतुर्थी पर शहर आए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कई सारे विकास कार्यों का श्री गणेश कर दिया। सभी को गणेश चतुर्थी की बधाई देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकाल की नगरी में गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर सिंहस्थ के मद्देनजर जो विकास कार्य हो रहे हैं। वह आने वाले समय में मिल का पत्थर साबित होंगे। रीगल टॉकीज की जमीन पर जब कॉम्प्लेक्स बनेगा तो पूरे शहर का उन्नयन होगा। रीगल टॉकीज के अतीत पर एक फिल्म भी सीएम के समक्ष दिखाई गई। जिसमें बताया गया कि कैसे यहां फिल्में दिखाई जाती थी और अब इस जमीन पर विकास कार्य होंगे।

सीएम ने कहा हम एक नये दौर में प्रवेश कर रहे है। गोपाल मंदिर क्षेत्र स्थित रीगल टॉकीज का इतिहास बहुत गौरवशाली रहा है। भगवान श्री महाकालेश्वर की सवारी निकलती है। सिंहस्थ के दौरान यहां से पेशवाई निकलती है और यह स्थान हरी और हर के मिलन का साक्षी भी होता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी सिंहस्थ महापर्व में स्नान क्षिप्रा नदी के जल से होगा सेवरखेड़ी - सिलारखेड़ी परियोजना से क्षिप्रा नदी में पूरे वर्ष जल रहेगा जिससे क्षिप्रा सदैव प्रवाहमान रहेगी। सिंहस्थ में सुगम आवागमन को ध्यान में रखते हुए। शीघ्र ही उज्जैन को नई 4 लेन सड़क की सौगात मिलने वाली है। साथ ही लगभग 10 हजार करोड़ की लागत से नई मेट्रो लाइन उज्जैन से इंदौर और पीथमपुर को कनेक्ट करेगी। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत का उज्जैन हेलीपैड पर स्वागत किया। गुलदस्ता भेंट कर उज्जैन की जानकारी दी। इधर हेलीपैड पर अतिथिद्वय के उज्जैन पहुंचने पर प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, उमेश नाथ महाराज, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, सतीश मालवीय, महापौर मुकेश टटवाल के साथ जनप्रतिनिधि और अधिकारियों ने स्वागत किया।



मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों के साथ-साथ उज्जैन निवासियों को गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर हार्दिक मंगल कामना एवं शुभकामनाएं देते हुए लोक मान्य तिलक गणेश उत्सव महाआयोजन समिति द्वारा आयोजित मिट्टी से बनी गणेश की मूर्ति वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बाबा महाकाल की कृपा से इस बार उज्जैन में सिंहस्थ 2028 पिछले सभी रिर्काड तोड़ेगा। मुख्यमंत्री ने संबोधित करते हुए कहा कि उज्जैन में तीर्थाटन को बढ़ावा दिया जायेगा और साथ ही उज्जैन के विकास में किसी प्रकार कि कमी नहीं आने दी जायेगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन प्रवास के दौरान ढाबा रोड स्थित उज्जैन की सुप्रसिद्ध सांवरिया कचौरी भंडार पर कारकेड रुकवाकर कचौरी खाई और संबंधित व्यापारी से चर्चा की।

### इन कार्यों का भी भूमि पूजन

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में 25 .15 करोड़ रुपए की लागत से होने वाले रीगल टॉकिज के विकास कार्य, आगामी सिंहस्थ महापर्व के अंतर्गत 22 .30 करोड़ रुपए की लागत से गदा पुलिया से रविशंकर नगर, जयसिंह पुरा होते हुए लालपुल ब्रिज तक मार्ग चौडीकरण कार्य और 31 .83 करोड़ रुपए की लागत से गाड़ी अड्डा चौराहे से वीडी क्लाथ मार्केट, निकास चौराहा, खजूर वाली मस्जिद, केडी गेट मार्ग वाया जूना सोमवारिया से बड़ी पुलिया तक मार्ग चौड़ीकरण कार्य का भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सात पवित्र नगरों में अवंतिका भी शामिल है। यहां राजा विक्रमादित्य, महाकवि कालिदास, सम्राट अशोक, चंद्र प्रद्योत के नाम अजर अमर हो चुके हैं। आज हमारे बीच राष्ट्र वीर दुर्गादास राठौर की ऐतिहासिक विरासत भी है। आज उनकी छत्री के जीर्णोद्धार के लिए भूमिपूजन किया गया है।

### मिट्टी से बनी श्री गणेश प्रतिमा का पूजन

मुख्यमंत्री डॉ . मोहन यादव ने मिट्टी से बनी मूर्तियों के वितरण कार्यक्रम के प्रारंभ में भगवान गणेश का पूजन अर्चन किया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में श्री गणेश को प्रथम पूज्य देवता माना गया है। रिद्धि सिद्धि दाता शुभ कार्य को सफल बनाते है इसलिए हर मंगल कार्य के आरंभ में श्री गणेश जी की वंदना अनिवार्य समझी गई है। हमारी प्रकृति का यही संदेश घर-घर हो मिट्टी के श्री गणेश। सीएम ने कहा कि सड़क निर्माण, चौड़ीकरण आदि कार्यों के साथ शीघ्र ही शहर में फ्लाईओवर सड़कों का निर्माण किया जायेगा। साथ ही पीथमपुर से इंदौर से उज्जैन तक मेट्रो ट्रेन भी चलेगी। ये कार्यक्रम में विवेक जोशी, रूपपमनानी, रमेशचंद्र शर्मा, सत्यनारायण खोईवाल, विशाल राजोरिया, शिवेंद्र तिवारी, ओम जैन, पार्षद गण आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जगदीश पांचाल ने किया।

### 25 करोड़ बनाम 107 करोड़ के भूमि पूजन

रीगल टॉकिज का उन्नयन होने से यहां की गरीमा और बढ़ेगी। उज्जैन शहर का हर काल में विशेष महत्व रहा है। आगामी सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखते हुए, विकास के कार्य निरंतर किये जा रहे है। रीगल टॉकीज पर 25 करोड़ से नए काम्प्लेक्स की नींव रखी गई, साथ ही उज्जैन को 107 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात मिली है। मुख्यमंत्री ने बुधवार को गोपाल मंदिर छत्री चौक स्थित विभिन्न विकास कार्यों के भूमी पूजन कार्यक्रम में स्थानिय नागरीकों को संबोधित करते हुए, उक्त विचार व्यक्त किए। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंच कर दीप प्रज्जवलन किया तत्पश्चात कन्या पूजन किया। कार्यक्रम में रीगल टॉकीज के उन्नयन पर आधारित लघु फिल्म का प्रसारण भी किया गया। उल्लेखनीय है कि रीगल टॉकीज का निर्माण कार्य 36 हजार स्क्वेयर फीट क्षेत्र में किया जाएगा। यहां पर चार पहिया एवं दोपहिया वाहनों की पार्किंग का भी प्रावधान है।

### वीर व दुर्गादास राठौर की छत्री पर भूमिपूजन

मुख्यमंत्री और केंद्रीय संस्कृति, पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने बुधवार को उज्जैन में 52 करोड़ 69 लाख रुपए की लागत से राष्ट्र वीर दुर्गादास राठौर की छत्री पर होने वाले निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। राष्ट्र वीर दुर्गादास राठौर की छत्री के संरक्षण संवर्धन एवं विभिन्न विकास कार्यों का आज से शुभारंभ हुआ। मध्य प्रदेश शासन संस्कृति विभाग के अंतर्गत संचालनालय पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय तथा मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग के अंतर्गत आयोजित उक्त कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल, नगर निगम सभापति कलावती यादव, रवि सोलंकी, संजय अग्रवाल आदि उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री डॉ . मोहन यादव ने उज्जैन प्रवास के दौरान स्व . ओमप्रकाश अग्रवाल के निवास पहुंचकर उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने श्रद्धांजलि देकर परिजनों को ढांढस बंधाया।

# शराब दुकान पर सुबह 6 बजे युवक को मारे चाकू

**उज्जैन। बुधवार सुबह 6 बजे के लगभग आगर रोड शराब दुकान पर एक युवक को चाकू मारकर घायल कर दिया गया। पुलिस ने कुछ देर बाद ही चाकू से हमला करने वाले को हिरासत में लिया और थाने ले आई। उसके साथ दो अन्य युवक भी होना सामने आए हैं जिनकी तलाश की जा रही है।**

निजातपुरा बामनवाड़ा क्षेत्र में रहने वाला प्रहलाद पिता कमल बाथरी सुबह 5 बजे उठकर शराब पीने के लिए आगर रोड स्थित दुकान पर गया था। दुकान के बाहर शराब पीने के दौरान वहां पहले से नशा कर रहे गौरव मराठा से उसका विवाद हो गया। गौरव के साथ दो अन्य युवक भी थे। तीनों ने प्रहलाद को घेर लिया और चाकू से हमला कर भाग निकले। प्रहलाद घायल हालत में दुकान के बाहर पड़ा रहा। इस बीच प्रहलाद के पिता उसकी तलाश में निकले तो पता चला कि शराब दुकान के बाहर घायल पड़ा है। उसे उपचार के लिए चरक अस्पताल लाया गया। सुबह-सुबह हुई चाकूबाजी की सूचना मिलने पर पुलिस घटना स्थल पहुंची और चाकू मारने वाले गौरव का नाम सामने आते ही उसकी तलाश शुरू की। कुछ देर में ही उसे हिरासत में ले लिया गया। पुलिस पूछताछ कर उसके साथियों का पता लग रही है। घायल प्रहलाद के पिता ने बताया कि मेहंदी फैक्ट्री में काम करता है उसकी पत्नी कुछ साल पहले छोड़कर जा चुकी है। प्रहलाद शराब पीने का आदी हो चुका है जिसके चलते वह सुबह 5 बजे घर से निकल गया था। वह दिखाई नहीं दिया तो उसकी तलाश की गई तभी जानकारी मिली थी प्रहलाद को चाकू मार कर घायल कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार शराब दुकान पर तत्कालीन विवाद होने के चलते ही घटना होना सामने आई है जिसकी जांच की जा रही है।

### ऑटो पर गिरा पेड़, चालक हुआ घायल

उज्जैन। दोपहर में शुरू हुई तेज बारिश शाम तक जारी रही इस बीच चलती ऑटो पर पेड़ आ गिरा। दबाने से चालक गंभीर घायल हो गया और ऑटो पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। नीलगंगा चौराहा का रहने वाला आत्माराम पिता भैरुलाल पोरवाल 60 वर्ष ऑटो चलाता है। दोपहर में सवारी छोड़ने के बाद पीपलीनाका चौराहा से होते हुए वापस लौट रहा था तभी अचानक एक बड़ा पेड़ उसकी आटो पर आ गिरा। हादसे में ऑटो पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों की मदद से उसे पेड़ के नीचे से बाहर निकाला है और अस्पताल पहुंचाया गया। सिर में गंभीर चोट आने पर डॉक्टरों ने 8 से 10 टांके लगए है। अस्पताल की ओर से मामले की सूचना पुलिस को दी गई है।

### घर लौट रहे बस कंडक्टर को अज्ञात वाहन ने कुचला, मौत

उज्जैन। महिदपुर में बस स्टॉप होने के बाद कंडक्टर अपने घर लौट रहा था। रास्ते में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। गंभीर हालत में उसे अस्पताल लाया गया लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। आज सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है। घट्टिया तहसील के ग्राम कालूखेड़ा में रहने वाला मनोहर पिता कालू सिंह चंद्रावत उज्जैन महिदपुर के बीच चलने वाली एम यादव बस पर कंडक्टरी करता है। रात में बस उज्जैन से महिदपुर पहुंची थी जहां रात्रि स्टॉप था। मनोहर रात को अपने गांव लौटने के लिए निकला। इस बीच हरनिया खेड़ी और शेरपुर के बीच उसे अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। गंभीर घायल होने पर लोगों की मदद से उसे उज्जैन चरक अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो चुकी थी। बुधवार सुबह पोस्टमार्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि मनोहर कई सालों से बस कंडक्टर का काम कर रहा था और एक बच्चे का पिता था। पुलिस के अनुसार मामले में मर्ग कायम किया गया है घटनास्थल के आसपास जानकारी जताकर अज्ञात वाहन चालक का पता लगाया जाएगा।

# मानसून हुआ मेहरबान दोपहर बाद तेज बारिश शहर हुआ तरबतर

## सड़कों पर हुआ जलजमाव, आवागमन थमा

**उज्जैन। गणपति बप्पा के आगमन के साथ ही मानसून पूरी तरह से मेहरबान हो गया है। दोपहर बाद तेज बारिश की शुरुआत हुई। उसके बाद रुक-रुक कर तेज पानी गिरने का सिलसिला बना रहा। मौसम विभाग में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है।**

पिछले कुछ दिनों से शहर में रुक रुक कर बारिश हो रही थी जिसके चलते उमस और गर्मी का वातावरण बना हुआ था। शहरवासियों को तेज बारिश का इंतजार था, जो बुधवार को गणपति बप्पा के आगमन के साथ पूरा हुआ। दोपहर बाद आसमान में छाए काले बादलों से तेज बारिश की शुरुआत हुई। कुछ देर में ही सड़के जल्द करने दिखाई देने लगी और आवागमन पूरी तरह से थम गया। शहरवासी गणपति बप्पा को घर ले जाने की तैयारी में लगे हुए थे जिनका उत्साह काम नहीं हुआ। बारिश के बीच बप्पा को पानी से बचकर लोग अपने घरों तक ले जाते दिखाई दे रहे थे। सार्वजनिक स्थानों पर बनाए गए पंडालों को वाटरप्रूफ कर दिया गया है। जिस तरह से मानसून मेहरबान हुआ है उसे देखते हुए आगामी 2 से 3 दिन तक तेज बारिश का अनुमान जताया जा रहा है। मौसम विभाग में भी अलर्ट जारी कर दिया है। स्थानीय जीवाजी राव वेधशाला के अनुसार दोपहर 3 दिनों से 5 बजे तक 12 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। अब तक 22 इंच से अधिक बारिश दर्ज हो चुकी है अब भी 14 इंच की आवश्यकता और है। बता दें कि सुबह से बारिश का क्रम चलता रहा जो कि समाचार लिखे जाने तक जारी रहा। इस दौरान प्रत्येक 30 मिनट में रुक रुककर बारिश चलती रही। जिससे चहुंओर पानी पानी हो गया और शहर को तरबतर कर दिया।

**त्योहारों की शुरुआत** गणेश चतुर्थी पर दर्शन के लिए मंदिरों में उमड़े हजारों भक्त, गणेश चतुर्थी पर शहर में गणेश प्रतिमाएं विराजित

# चिंतामन गणेश को एक लाख लड्डू, सिद्धिविनायक को हजारों मोदकों का भोग

नवभारत न्यूज

**उज्जैन।** गणेश चतुर्थी पर बुधवार को प्रसिद्ध चिंतामन गणेश मंदिर के सुबह 5 बजे पट खुले। पंडितों ने पंचामृत से अभिषेक किया। इसके बाद भगवान का तीन रूपों में श्रृंगार किया व आरती कर एक लाख लड्डुओं का महाभोग लगाया।

लड्डू मंदिर में दर्शन के लिए उमड़े भक्तों को वितरित किए गए। चिंतामन गणेश मंदिर के पुजारी गणेश गुरु के अनुसार सुबह 6 से रात 10 बजे तक मंदिर में दर्शन जारी रहे। समिति ने गर्भगृह में प्रवेश बंद कर बाहर से दर्शन कराए। 10 दिनों तक भगवान गणपति को लड्डुओं का भोग लगेगा और भक्तों को बांटा जाएगा। इधर महाकाल मंदिर प्रांगण में स्थित प्राचीन श्री सिद्धिविनायक गणेश जी का चतुर्थी पर आकर्षक श्रृंगार किया। पुजारी चमू गुरु उपाध्याय ने बताया सुबह अभिषेक-पूजन कर दोपहर में आरती की गई व हजारों मोदकों का भोग लगाया गया।



### केंद्रीय मंत्री शेखावत ने किए महाकाल दर्शन, प्रभारी मंत्री भी साथ थे



राजस्थान जोधपुर लोकसभा से सांसद व केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत बुधवार को उज्जैन प्रवास के दौरान महाकाल दर्शन करने पहुंचे। उन्होंने नंदी हॉल से दर्शन कर बाबा का आशीर्वाद लिया। राजेश पुजारी व आकाश पुजारी ने उनका पूजन संपन्न कराया। इस दौरान उज्जैन जिले के प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल भी उपस्थित थे। मंदिर प्रबंध समिति की ओर से प्रशासक प्रथम कौशिक ने केन्द्रीय मंत्री शेखावत का स्वागत किया। शेखावत यहां स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेने आए थे।

### अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष उज्जैन आए, गर्भगृह से किया अभिषेक



अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष श्री महंत रवींद्र पुरी महाराज मंगलवार रात उज्जैन आए हैं। बुधवार को वे भगवान महाकाल के दर्शन करने पहुंचे। उन्होंने गर्भगृह में जाकर अभिषेक-पूजन किया। पुजारी राजेश गुरु, आकाश गुरु ने उनका पूजन कराया। मंदिर समिति की ओर से भी नंदीहॉल में उनका सत्कार किया गया। अखाड़ा परिषद के गोविंद सोलंकी, राहुल कटारिया ने बताया कि रवींद्र पुरी यहां बड़नगर रोड पर निरंजनी अखाड़े में रुके हैं। वे यहां प्रवास के दौरान साधु-संतों के साथ प्रशासन के अधिकारियों से मिलकर सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को लेकर चर्चा करेंगे तथा विभिन्न कार्यक्रमों में भी भाग लेंगे।